# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**20 April 2026**



Yesterday, Quiz:

## Q. राज पहल' कार्यक्रम के राजस्थान के कितने जिलों में एक 'स्कूल ऑन व्हील्स' स्थापित किया जाएगा।

(A) 41 जिलों में

(B) 12 जिलों में

(C) 32 जिलों में

(D) इनमें से कोई नही

- घुमन्तू एवं अर्द्ध-घुमन्तू समुदाय के बच्चे औपचारिक शिक्षा से वंचित न रह जाएं, इसलिए 'राज पहल' कार्यक्रम के तहत प्रत्येक जिले में एक 'स्कूल ऑन व्हील्स' स्थापित किया जाएगा।
- प्रदेश के एक हजार विद्यालयों में एआई आधारित पर्सनलाइज्ड लर्निंग लैब्स की स्थापना की जाएगी।
- एक हजार करोड़ रुपये की लागत से 400 विद्यालयों को 'सीएम-राइज' स्कूलों में क्रमोन्नत किया जाएगा।

Yesterday Revision

01. राजस्थान में औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति-2026 लागू की गई है

02. आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक बनाने और सामुदायिक सहयोग को सुनिश्चित करने के लिए नंदघर योजना बनाई गई है

03. राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण एवं विकास बैंक (नैबफिड) और राजस्थान सरकार की कंपनी प्रोजेक्ट्स डेवलपमेंट कंपनी ऑफ राजस्थान (पीडीकोर) ने राज्य और शहरों की विकास परियोजनाओं को मजबूत करने के लिए एक समझौता किया है।

04. राजस्थान में महिला कार्मिकों को कार्यस्थल पर बेहतर एवं तनावमुक्त वातावरण देने के लिए, 'मुख्यमंत्री शिशु-वात्सल्य सदन' की स्थापना की जाएगी

05. हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर ने अकादमिक और शोध क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए भरतपुर के महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के साथ एमओयू किया है।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) हाइड्रोजन गैस और एंटीमैटर (Antimatter) ऊर्जा के क्षेत्र में अनुसंधान हेतु जोधपुर में राज्य सरकार लैब विकसित करने जा रही है

(B) 10 करोड़ की लागत से राजस्थान यूनिवर्सिटी के ईसीएच सेंटर में यह लैब विकसित होगी

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं
(B) केवल A सत्य है
(C) केवल B सत्य है
(D) दोनों असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- हाइड्रोजन गैस और एंटीमैटर एनर्जी में रिसर्च करने के लिए स्टूडेंट्स को दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि जयपुर में इस एनर्जी पर रिसर्च करने के लिए राज्य सरकार लैब विकसित करने जा रही है।
- यह लैब राजस्थान यूनिवर्सिटी में विकसित की जाएगी। इस लैब के विकसित होने पर स्टूडेंट्स यहीं पर रिसर्च कर पाएंगे। साथ ही हाइड्रोजन गैस भी बना पाएंगे।
- दस करोड़ की लागत से राजस्थान यूनिवर्सिटी के ईसीएच सेंटर में यह लैब विकसित होगी।
- यह राजस्थान की पहली यूनिवर्सिटी होगी। जहां पर इस तरह की लैब बनेगी। यह लैब विकसित होने के बाद स्टार्टअप का यह इन्क्यूबेशन सेंटर टॉप सेंटर में शामिल हो जाएगा।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) बालोतरा के बोरावास-कलावा क्षेत्र में राजस्थान पेट्रो जोन विकसित किया गया है

(2) भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 अप्रैल को पचपदरा रिफाइनरी का उद्घाटन करेंगे।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

राजस्थान में पेट्रोकेमिकल आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 20 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास पर महत्वपूर्ण समझौते हुए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में बालोतरा स्थित राजस्थान पेट्रो जोन में डाउनस्ट्रीम उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड रिफाइनरी, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग तथा विभिन्न उद्योगों के बीच 18 त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

नरेन्द्र मोदी 21 अप्रैल को पचपदरा रिफाइनरी का उद्घाटन करेंगे, जो देश और प्रदेश के लिए ऐतिहासिक सौगात होगी

बालोतरा के बोरावास-कलावा क्षेत्र में रिफाइनरी से निकलने वाले डाउनस्ट्रीम उत्पादों के आधार पर सहायक उद्योगों की स्थापना के लिए राजस्थान पेट्रो जोन विकसित किया गया है

03. राजस्थान के किस शहर की ऐतिहासिक कायलाना झील को वर्ल्ड क्लास इको- टूरिज्म हब बनाया जाएगा?

(A) जोधपुर

(B) उदयपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान के जोधपुर शहर की ऐतिहासिक कायलाना झील को वर्ल्ड क्लास इको- टूरिज्म हब बनाया जाएगा। राज्य सरकार ने इसके सौंदर्यीकरण को एशियन डवलपमेंट बैंक (एडीबी) के 5वें चरण में शामिल किया है।
- इसके लिए 6 माह में टेंडर कर दिए जाएंगे। इसके तहत झील के आसपास की सड़क चौड़ी करने, नई सड़क बनाने, फ्लोटिंग डैक, कनेक्टिंग ब्रिज और म्यूजिकल फाउंटेन जैसे कई काम होंगे।
- पूरे प्रोजेक्ट को ग्रीन एनर्जी मॉडल पर आधारित रखा गया है। सोलर लाइटिंग सिस्टम का उपयोग होगा।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 30,000 युवाओं को लाभ दिया जाएगा।

(2) मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की शुरुआत - 12 जनवरी 2026 को हुई थी

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना • योजना की शुरुआत - 12 जनवरी 2026

उद्देश्य- राज्य के युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सूक्ष्म उद्यमी के रूप में स्थापित करना।

उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, जिसके तहत विनिर्माण (Manufacturing) और सेवा क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण (Interest-Free Loan) और 50,000 रुपये तक की मार्जिन मनी प्रदान की जा रही है

• पात्रता - राज्य का स्थायी निवासी - आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो।

✓ योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 30,000 युवाओं को लाभ दिया जाएगा।✓ कुल एक लाख युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य।

✓ योजना की अवधि - 31 मार्च 2029

**05. हाल ही में राजस्थान शामलात अधिवेशन 2026' का आयोजन कहां किया गया है?**

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान शामलात अधिवेशन 2026' का आयोजन 15-16 अप्रैल 2026 को जयपुर स्थित इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान (IGPRS) में किया गया।
- इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य चारागाह, जल स्रोत, वन और वेटलैंड्स जैसे साझा संसाधनों (Commons) के संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन पर चर्चा करना था
- Shaping our Prosperity with Commons" विषय पर आधारित इस अधिवेशन का उद्घाटन, पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने किया। इस अवसर पर उन्होंने शामलात संसाधनों के संरक्षण, संवर्धन और उनके प्रभावी प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

जयपुर, शनिवार, 18 अप्रैल, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-58

1 **प्रधानमंत्री** श्री नरेन्द्र मोदी ने 'पोषण अभियान' की शुरुआत राजस्थान के किस जिले से की थी?
(A) जयपुर
(B) झुंझुनूं
(C) अजमेर
(D) सीकर

2 **वैज्ञानिक** तथ्यों के अनुसार, मानव मस्तिष्क का लगभग कितने प्रतिशत विकास 6 वर्ष की आयु तक पूर्ण हो जाता है?
(A) 50 %
(B) 75 %
(C) 85 %
(D) 95 %

3 **राज्य** बजट 2026-27 के अनुसार, महिला कर्मचारियों को कार्यस्थल पर तनावमुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए किस सुविधा की स्थापना का निर्णय लिया गया है?
(A) मातृ शक्ति केंद्र
(B) महिला विश्राम गृह
(C) मुख्यमंत्री शिशु-वात्सल्य सदन
(D) राज-सखी क्रैच

4 **राजस्थान** पुलिस ने 16 अप्रैल 2026 को अपना कौन सा स्थापना दिवस मनाया?
(A) 74वां
(B) 75वां
(C) 76वां
(D) 77वां

5 **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला-एक खेल' के तहत चूरू जिले का खेल कौन सा है?
(A) एथलेटिक्स
(B) कबड्डी
(C) क्रिकेट
(D) फुटबॉल

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान सरकार की कंपनी प्रोजेक्ट्स डेवलपमेंट कंपनी ऑफ राजस्थान (पीडीकोर) ने हाल ही में किसके साथ समझौता किया है?**

(A) नैबफिड
(B) विश्व बैंक
(C) यूनेस्को
(D) इनमें से कोई नही

GK
Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine